**Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India**
**Media and Public Relations Office**

दिनांकः 10/02/2023

प्रकाशनार्थ

आज दिनांक 10 फरवरी 2023 को UGC &HRDC] दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 14 दिवसीय (28 जनवरी से 10 फरवरी 2023 तक) अन्तविषयीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम ष्सूचना एवं संचार प्रोद्योगिकी (Information and Communication Technology] ICT) का समापन किया गया।समापन सत्र की अध्यक्षता परम यशस्वी कुलपति प्रो. राजेश सिंह ने की। समापन भाषण मुख्य अतिथि प्रो. अखिलेश कुमार सिंह ( कुलपति,प्रो. राजेंद्र सिंहरू रज्जु भईया विश्वविद्यालय, प्रयागराज) ने दिया। अतिथियों का स्वागत निदेशक – यू.जी.सी. एच आर डी सी एवं पूर्व कुलपति सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, प्रो रजनीकान्त पाण्डेय ने किया। रिफ्रेशर कोर्स की प्रतिवेदन के बारे में कोर्स कोआर्डिनेटर प्रो. उमेश यादव ने रिपोर्ट प्रस्तुत किया।

कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार सिंह ने अपने मुख्य उद्‌बोधन में सूचना संचार प्रौद्योगिकी के महत्व एवं इसके उपयोग व दुरुपयोग के बारे में विस्तार से चर्चा की। प्रो. सिंह ने चौट जीपीटी के बारे मे बताया, उन्होंने कहा कि चौट जीपीटी कभी भी शिक्षको को स्थानांतरित नही कर सकता है। इस चौदह दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स में प्रदेश के आठ राज्यों के 18 विश्वविद्यालयों से साठ से ज्यादा कार्यरत शिक्षकों ने भाग लिया है। कार्यक्रम के अन्त में प्रो० दिनेश यादव, पूर्व विभागाध्यक्ष बायोटेक्नालाजी विभाग ने धन्यवाद ज्ञापन किया । अन्तविषयीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम ष्सूचना संचार प्रौद्योगिकीष के समापन सत्र का संचालन डॉ सिंटू कुमार, भौतिकी विभाग ने किया। इस अवसर पर भौतिकी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष गण प्रो मिहिर रॉय चौधरी एवं प्रोफेसर लल्लन यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही।

**Mahendra Kumar Singh**
Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur